भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 2230
सोमवार, 05 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक)

नए सरकारी पद

2230. श्री कीर्ति आज़ाद:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत पांच वर्षों के दौरान किन्हीं नए सरकारी पदों का सृजन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने सरकारी क्षेत्र में नए पदों के सृजन पर प्रतिबंध लगा दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या विगत पांच वर्षों में सरकारी क्षेत्र में नौकरियों के सृजन में कमी आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) पिछले पांच वर्षों के दौरान सरकारी क्षेत्र में नए भर्ती किए गए कर्मचारियों की आयु-लिंग और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा करंदलाजे)

(क) से (घ): वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा प्रकाशित केंद्र सरकार के नागरिक (सिविलियन) कर्मचारियों के वेतन और भत्ते पर वार्षिक रिपोर्ट, 2021-22 के अनुसार, 01.03.2022 तक स्वीकृत पदों की कुल संख्या 40.47 लाख है।

विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/रेलवे में रिक्त पदों का होना और उन्हें भरा जाना एक सतत् प्रक्रिया है। केन्द्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों को समय-समय पर रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरने का निर्देश दिया गया है।

लोक उद्यम विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा किए जाने वाले लोक उद्यम सर्वेक्षण में केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) में नियमित कर्मचारियों, नैमित्तिक/दैनिक दर पर कामगारों तथा अनुबंध पर रखे गए कामगारों/कर्मचारियों की वर्ष-वार संख्या उपलब्ध कराई गई है। नवीनतम सार्वजनिक उद्यम सर्वेक्षण 2022-23 के आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 तक सभी क्षेत्रों के सीपीएसई ने 14.90 लाख व्यक्तियों को रोजगार दिया। विस्तृत रिपोर्ट https://dpe.gov.in/publication/pe-survey/pe-survey-report पर उपलब्ध है।

*****